
# 14. बिल्ली का हार



बिल्ली गयी **बाज़ार**। उसने खरीदा एक सुंदर हार, सौ मोतियों वाला।

रास्ते में उसे मिला एक बंदर। बंदर ने देखा हार। अचानक बिल्ली का हार टूट गया। सारे मोती बिखर गये।



दोनों ने बिखरे मोतियों को इकट्ठा किया, एक-एक रंग के दस मोतियों की बनायी एक माला। उन मालाओं को जोड़ा, फिर बनाया एक हार।



बंदर बोला- अरे! यह तो पहले जैसा नहीं है। बिल्ली बोली- यह तो और भी अच्छा लग रहा है। दोनों हँसते-गाते चल दिये।

SCERT TELANGANA



## सुनो-बोलो

(अ) बिल्ली कहाँ गयी?

(आ) बिल्ली ने कितने मोतियों वाला हार खरीदा?



(इ) रास्ते में बिल्ली को कौन मिला?

(ई) दोनों ने बिखरे मोतियों का क्या किया?

(उ) कविता की पंक्तियाँ पूरी **करिए।**


बिल्ली गयी ..........................

उसने खरीदा ........................

अचानक ........................ हार

फिर ............................ हार।





## पढ़ो-लिखो

**(अ) नीचे दिये गये शब्द पढ़िए। पाठ में आये शब्द पहचानकर '◯' लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सौ | बिल्ली | खिल्ली | हार | बंदर |
| चंदर | सुंदर | मोती | इकट्ठा | अच्छा |
| कच्चा | बच्चा | लट्टू | सच्चा | गट्ठा |

**(आ) नीचे दिये गये चित्र देखिए। गिनकर लिखिए।**

**उदा :** ★ एक

★★ ............................

★★★ ............................

★★★★ ............................

★★★★★ ............................

SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21


| | |
|---|---|
| ★★★★★★ | ............................ |
| ★★★★★★★ | ............................ |
| ★★★★★★★★ | ............................ |
| ★★★★★★★★★ | ............................ |
| ★★★★★★★★★★ | ............................ |

**(इ) नीचे दिये गये शब्द पढ़िए।**

| | |
|---|---|
| १० - दस | ६० - साठ |
| २० - बीस | ७० - सत्तर |
| ३० - तीस | ८० - अस्सी |
| ४० - चालीस | ९० - नब्बे |
| ५० - पचास | १०० - सौ |



**(ई) अक्षर मिलाकर पढ़िए।**




**(उ) नीचे दिये गये शब्दों से खाली जगह भरिए।**

पाँच सौ दस चार

१. एक हाथ में ............... उंगलियाँ होती हैं।

२. बिल्ली ने ............... मोतियों वाला हार खरीदा।

३. चौराहे पर ............... रास्ते मिलते हैं।

४. एक रंग वाले ............... मोतियों की एक माला बनायी।

SCERT TELANGANA

## (ऊ) महीनों के नाम पढ़िए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. चैत्र | २. वैशाख | ३. ज्येष्ठ | ४. आषाढ़ |
| ५. श्रावण | ६. भाद्रपद | ७. आश्विन | ८. कार्तिक |
| ९. मार्गशीर्ष | १०. पौष | ११. माघ | १२. फाल्गुन |
| | | कुल महीने हैं ............. | |



## लिखो :

## (अ) अक्षरों में लिखिए।

१. ११ - ..........................  २. ९ - ..........................

३. २० - ..........................  ४. ७ - ..........................

५. १५ - ..........................

## (आ) जोड़ियाँ मिलाइए। क्रम से लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| १६ | सत्रह | .......................... |
| २० | उन्नीस | .......................... |
| १९ | अठारह | .......................... |
| १८ | सोलह | .......................... |
| १७ | बीस | .......................... |



## (इ) खाली स्थान भरिए।

१. तिरंगे झंडे में ....................... रंग होते हैं।

२. एक सप्ताह में ....................... दिन होते हैं।

३. आँखें ....................... होती हैं।

४. घोड़े के ....................... पैर होते हैं।

५. एक हाथ में ....................... उंगलियाँ होती हैं।

SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

## (ई) अंकों में **लिखिए।**

१. बारह - ......... २. ग्यारह - ......... ३. तेरह - .........

४. पंद्रह - ......... ५. चौदह - ......... ६. तीस - .........

७. सत्तर - ......... ८. नब्बे - ......... ९. सौ - .........

१०. अस्सी - .........

## (उ) नीचे दिये गये चित्रों के नाम **लिखिए।** नाम से वाक्य बनाकर **लिखिए।**









............. ............. ............. .............

१. ..........................................................

२. ..........................................................

३. ..........................................................

४. ..........................................................

SCERT TELANGANA

## (ऊ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **लिखिए।**

१. बिल्ली ने **बाज़ार** से क्या खरीदा?

ज. ..................................................................

२. रास्ते में बिल्ली से कौन मिला?

ज. ..................................................................

३. नया बनाया हुआ हार कैसा था?

ज. ....................................................................

**(ए) खाली स्थान भरिए।**

१. एक वर्ष में ............ महीने।

२. एक महीने में ............ सप्ताह।


३. एक सप्ताह में ............ दिन।

४. एक महीने में ............ दिन।

५. एक वर्ष में ............ दिन।

६. एक दिन में ............ घंटे।

**(ऐ) नीचे दिया गया चित्र देखिए। उसके बारे में लिखिए।**



१. ................................................

२. ................................................

३. ................................................

SCERT TELANGANA



पढ़ो-आनंद लो

# मेहनत का फल



एक किसान था। उस किसान के पास बीस एकड़ **ज़मीन** थी। वह खेत में बहुत काम करता था। फसलें खूब उगाता था। इज़्ज़त से जीता था। उस किसान के पाँच बेटे थे। वे कुछ भी काम नहीं करते थे।

कुछ समय के बाद किसान बूढ़ा हो गया। किसी भी तरह बेटों से खेत का काम कराना चाहा। किसान ने कहा- मैं बहुत दिनों तक नहीं जीऊँगा। तुम्हारे लिए खेत में सोना छिपाकर रखा है। मेरे मरने के बाद ले लो। इज़्ज़त से जियो।

किसान के बेटे बहुत खुश हो गये। किसान के मर जाने के बाद खेत जाकर सारा खेत फावड़े से खोद डाला। कितना खोदने से भी उन्हें सोना नहीं मिला। उन्हें नहीं सूझ रहा था कि क्या किया जाय। कैसे भी खोदा है, इसलिए उसमें फसल डाली। खूब फसल उगी। तब जान लिया कि पिताजी के द्वारा बताया गया सोना फसल ही है।

उस दिन से खूब काम करके इज़्ज़त से जीने लगे।



SCERT TELANGANA